प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

.....

## आयुष्मान वंदना कार्ड

आयुष्मान वंदना कार्ड के शुरू होने के तीन सप्ताह के अंदर 10 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने इसके लिए नामांकन कराया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि इनमें से लगभग 4 लाख नामांकन महिलाओं द्वारा किए गए हैं। इस कार्ड के जारी होने के बाद से 9 करोड़ रुपये से अधिक के उपचारों को अधिकृत किया गया है।

.....

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू शेर–ए–पंजाब लाला लाजपतराय की पुण्य तिथि पर आज शिमला के लाजपतराय चौक पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर नगर निगम शिमला के महापौर, उप–महापौर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगें।

.....

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर कल प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य स्तरीय समारोह शिमला में आयोजित किया गया। भारतीय प्रेस परिषद द्वारा इस बार के लिए सुझाए गए विषय 'प्रेस का बदलता स्वरूप' पर सारगर्भित चर्चा की गई। कार्यक्रम में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि तकनीक ने पत्रकारिता का स्वरूप पूरी तरह से बदल दिया है। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटरनेट और कृत्रिम मेधा (एआई) के कारण सटीक जानकारी पहुंचाने में जहां नई चुनौतियां और समस्याएं उत्पन्न हुई हैं वहीं इसके कारण त्वरित जानकारी समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि बीते दो दशकों में इंटरनेट ने पत्रकारिता के स्वरूप को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है जिसके दृष्टिगत समाचारों की विश्वसनीयता पर भी समय–समय पर प्रश्न चिन्ह उत्पन्न होते रहे हैं। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि यह मीडिया कर्मियों का नैतिक दायित्व है कि इंटरनेट, एआई और सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों का प्रयोग करते हुए समाज को विश्वनीय और तथ्यात्मक सूचना पहुंचाए। सभी जिला मुख्यालयों पर भी राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए।

.....

यातायात–बंद

किन्नौर जिले के शोंग–टोंग प्रोजेक्ट की निमार्णाधीन रली एडिट टनल–2 से पानी आने से रिकांगपिओ–रामपुर एनएच पर मलबा आने की सूचना है। बताया जा रहा है कि टनल से बड़ी मात्रा में पानी आने से एनएच पर यातायात बंद कर दिया गया है। एचपीसीएल की शोंग–टोंग टनल का पटेल कंपनी की ओर से निर्माण किया जा रहा है। प्रशासन ने टापरी से रिकांगपिओ और रिकांगपिओ से टापरी की ओर आ–जा रहे लोगों को वाया कड़छम–शीलती सड़क से जाने की अपील की है।

.....

कृषि विभाग

कृषि विभाग के सचिव सी. पालरासू ने कृषि विभाग को निर्देश दिए हैं किसानों व बागबानों से बाड़बंदी के लिए नए सिरे से आवेदन लिए जाएं। ये आवेदन कांटेदार तारबंदी के लिए जाएंगे। जल्द ही सरकार विभाग को इसके लिए बजट भी उपलब्ध करवा देगी। किसानों की खेती को जंगली जानवर जानवरों से बचाव के लिए सरकार किसानों व बागबानों की मदद करती है। प्रदेश सरकार बाड़बंदी के लिए किसानों को 70 फीसदी की सबसिडी का लाभ देगी। कृषि विभाग के सभी उपनिदेशकों व अन्य फील्ड स्टाफ को इसको लेकर किसानों के बीच प्रचार व प्रसार करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए लोक मित्र केंद्र में आवेदन किया जा सकता है।

.....

मौसम

प्रदेश के मैदानी जिलों में कोहरे और पहाड़ों में सर्द हवाओं मौसम में ठंडक बढ़ गई है। ताबो, कुकुमसेरी के बाद अब समदो का न्यूनतम तापमान माइनस में पहुंच गया है। सड़कों पर पानी जमने से ग्रांफू काजा मार्ग पर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक वाहन चलाने का फैसला लिया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 22 नवंबर को पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान जताया है। कल से 20 नवंबर तक बिलासपुर, हमीरपुर कांगड़ा, मंडी और ऊना के कई क्षेत्रों में घना कोहरा पड़ने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

.....

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है– बद्दी, हमीरपुर व ऊना बनेंगे नगर निगम। नादौन, ज्वाली को नगर परिषद का दर्जा। पंजाब केसरी की सुर्खी है– ऊना, बद्दी व हमीरपुर नगर निगम बनेंगे, विभिन्न

श्रेणियों के 4 सौ 39 पद भरे जाएंगे। दैनिक भास्कर लिखता है– मल्टी टास्क वर्कर का मानदेय 5 सौ रूपये बढ़ाया।

सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने बनाये 19 प्रतिवादी शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है–मुख्य संसदीय सचिवों के मामले में अब सोमवार से सुनवाई की संभावना। दैनिक भास्कर का शीर्षक है– 6 नहीं, नौ विधायकों की सदस्यता को चुनौती देगी भाजपा। पंजाब केसरी के अनुसार– सुप्रीम कोर्ट में सी.पी.एस. मामले पर 22 नवंबर को हो सकती है सुनवाई।

शिमला से शालाघाट–मटौर फोरलेन सड़क की अलाइनमेंट में बदलाव पर सरकार से जवाब मांगा शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है–कोर्ट ने एन.एच.ए.आई की ओर से दायर जवाब का अवलोलन कर गड़बड़ी पाई।

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–माइनस में पारा, जमने लगे झीले–झरने, 22 नवंबर तक बारिश होने की नहीं है कोई संभावना। आपका फैसला लिखता है–इस सीजन में ताबों का न्यनूतम पारा पहली बार माईनस 7 दशमलव डिग्री तक गिरा– ब्लैक आइस के खतरे को लेकर एडवाजरी।